114

ॐ

# अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम

## पन्द्रहवाँ राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता

विजयवाड़ा : आँन्ध्र प्रदेश

३१ दिसेम्बर, २०१० से २ जनवरी २०११

---

आदरणीय कार्यकर्ता बन्धु,

सादर नमस्कार।

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का पन्द्रहवाँ राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता इस वर्ष आन्ध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के पास केतन कोण्डा नामक स्थान पर सम्पन्न होने जा रही है। यह स्थान विजयवाड़ा रेलस्टेशन से २५ किमी दूरी पर है। प्रतियोगिता ३१ दिसम्बर २०१० से १,२ जनवरी २०११ तक चलेगी। सभी खिलाड़ियों को ३० दिसम्वर सायंकाल तक नाम पंजीकृत करना अनिवार्य है। २ जनवरी, २०११ रात्रि १०-०० बजे के बाद खिलाड़ी अपने-अपने स्थान के लिए प्रस्थान कर सकेंगें।

कार्यक्रम सूची :

३०.१२.२०१० - आगमन, नाम पंजीकरण
३१.१२.२०१० - उद्‌घाटन समारोह, प्रतियोगिता
०१.०१.२०११ - प्रतियोगिता
०२.०१.२०११ - प्रतियोगिता, समापन समारोह।

स्थान : CBR International School of sports केतन कोण्डा, कृष्णा जिला। इसी विद्यालय के परिसर में ही आवास, भोजन एवं प्रतियोगिता की व्यवस्था रहेगी। विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन से निर्धारित स्थान तक पँहुचने के और वापसी के लिए व्यवस्था रहेगी।

खेलप्रतियोगिता : इस वर्ष केवल सब-जुनियर तथा जुनियर बालक-बालिका वर्ग में तीरन्दाजी की प्रतियोगिता रहेगी।

आयुवर्ग : १४ वर्षके नीचे का सब-जुनियर वर्ग
१४ वर्ष से १७ वर्ष के नीचे का जुनियर वर्ग

- आयुवर्ग में परिवर्तन अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है जिससे हमारे खिलाड़ियों को खुले स्पर्धाओं में भाग लेने में पयप्ति समय, आयुसीमा मिल सकेगा। ३१ दिसम्बर २०१० तक आयु की गिनती होगी।
- प्रान्त के चयनित खिलाड़ियों के साथ एक पुरूष मैनेजर/कोच एवं एक महिला मैनेजर/कोच आ सकते है।
- प्रान्त के चयनित योग्य खिलाड़ियों को विजयवाड़ा लाने से पूर्व ३-७ दिन का अभ्यास वर्ग में दक्षता के लिए, प्रशिक्षण देना उचित रहेगा। ऐसे वर्ग में खेलों के अलावा मार्च-पास्ट एवं सांकृतिक प्रदर्शन का भी अभ्यास कराना उपयुक्त रहेगा।
- सभी खिलाड़ियों की अन्तिम सूची (Final List) २० दिसम्बर २०१० के पूर्व निम्न पते पर अवश्य भेजें।

Shri Laxman Raju
Madhava Sadan
Kaleshwar Rao Road
Governor pet,
Vijayawada,
Krishna District
A. P.
Mobile - 09490872988